हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 14 दिसंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

NABH CERTIFIED
NABH Certified

SPARSH MULTISPECIALTY HOSPITAL

एक एहसास अपनेपन का...

# स्पर्श
## मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल

24x7 EMERGENCY SERVICES

हरिभूमि 24th Anniversary



डॉ. दीपक वर्मा
डायरेक्टर
आर्थोपेडिक सर्जन

Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana – Ayushman Bharat PM-JAY

## आयुष्मान भारत योजना
के अंतर्गत अब पुन: इलाज की सुविधा उपलब्ध

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शासकीय विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए सीजीएचएस (CGHS) दर पर इलाज हेतु मान्यता प्राप्त



डॉ. संजय गोयल
डायरेक्टर
एनेस्थीसियोलॉजिस्ट एवं इंटेंसिविस्ट

## हमारे प्रमुख कॉरपोरेट सहयोगी जिनके कर्मचारियों एवं आश्रितों के लिए उपलब्ध है कैशलेस उपचार की सुविधा

- Indian Railway
- Chhattisgarh State Power Companies
- State Bank of India
- Bank of Baroda
- NSPCL
- NTPC Ltd.
- Coal India Limited
- IIT Bhilai
- Life Insurance Corporation of India (LIC)
- NMDC Ltd
- Airport Authority of India
- Food Corporation of India
- Hindustan Coper Limited (HCL)
- Power Gird Corporation of India Ltd.
- Reliance Industries
- ACC Cement (Adani Group)
- Bharat Earh Movers Ltd
- कर्मचारी राज्य बीमा निगम Employee's State Insurance Corporation
- Bhilai Engineering Corporation Ltd.
- Indian Boiler Group
- Jaiswal Necco
- Engineering Project Ltd.
- Vossloh Beekay
- Rites Ltd.
- Siemens
- Vishwa Vishal Engineering
- SISCOL

## प्रमुख इंश्योरेंस एवं टीपीए कम्पनीज

- MD India
- Vidal Health
- Medi Assist
- Star Health
- ICICI Lombard
- Health Insurance TPA of India Ltd.
- Care Health Insurance
- FHPL
- HDFC ERGO
- Paramount Health
- Reliance General Insurance
- Aditya Birla Health
- SBI General
- Ericson
- Medvantage
- Genins India Insurance TPA Ltd.
- Rothshield
- MedSave India
- Volo Insurance
- HealthIndia
- Reliance Health Insurance
- Heritage Health
- GHS
- Galaxy Health Insurance
- Good Health TPA
- Focus tpa
- Bajaj Allianz
- Chola MS
- Manipal Cigna
- Future Generali
- Raksha Health Insurance TPA
- IFFCO-TOKIO
- Liberty Insurance
- Tata AIG Insurance
- Universal Sompo General Insurance Co. Ltd.
- Navi Health Insurance
- Digit Insurance
- Vipul MedCorp TPA Pvt Ltd.
- Safeway Insurance TPA Pvt. Ltd.
- Link-K Insurance TPA Pvt Ltd.

## स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल, राम नगर, सुपेला, भिलाई

www.sparshbhilai.com corporate@sparshbhilai.com 0788 4252222, 72250 59701

CALL FOR EMERGENCY 62691 62691

SCAN FOR MORE DETAILS

Deepak Advertisers

# 15 तक धान परिवहन नहीं हुआ शुरू तो 17 दिसंबर से तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में धान खरीदी की स्थिति काफी खराब है, किसान सबसे ज्यादा टोकन नही मिलने से परेशान हैं, वहीं धान उठाव नही होने भी जाम की स्थिति निर्मित हो गई है।

शुक्रवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर के साथ किसान जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात करने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुचें जहां कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने किसानों की ओर से बात रखा। राकेश ठाकुर ने किसानों का पक्ष रखते हुवे कहा कि सबसे बड़ी परेशानी टोकन की है। सुबह से ही केंद्रों में लंबी कतारों में खड़े हो जाते हैं, मगर न तो ऑनलाइन और न ही ऑफलाइन टोकन मिल पा रहा है, कई किसान पखवाड़े भर से चक्कर काट रहे हैं, लेकिन सिस्टम में टोकन स्लॉट खुल ही नहीं रहा है। धान परिवहन न होने से खरीदी केंद्रों में जाम की स्थिति भी निर्मित होने को है। ज्ञापन सौंपने वालों में पुकेश चंद्राकर, नंदकुमार सेन, प्रदीप चंद्राकर, आनंद बघेल, प्रह्लाद वर्मा, द्वारिका साहू, अमृत राजपूत, अमित ठाकुर, अभिषेक जांगडे, बैकुंठ महानंद, वीरेन्द्र गोस्वामी, मुकेश साहू, हुलेशवर पटेल, धनजय वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर सहित किसानों ने कलेक्टर दुर्ग से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

### कांग्रेसियों ने शासन-प्रशासन को कराया अवगत

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने टोकन लिमिट तत्काल बढ़ाने तथा नियमित रूप से धान उठाव कर परिवहन की मांग की। इस दौरान उपस्थित कांग्रेसजन एवं किसानों के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कलेक्टर दुर्ग को ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया कि अगर सोमवार दिनांक 15 दिसम्बर तक धान टोकन का लिमिट बढ़ाकर नियमित रूप से धान परिवहन शुरू नही कराया गया तो कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में दिन बुधवार दिनांक 17 दिसम्बर को तालाबंदी करेंगे । जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।



### धान खरीदी के दौरान किसानों की अनदेखी का लगाया आरोप

राकेश ठाकुर ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार के नियत में ही खोंट है, कई बार किसानों की समस्या से अवगत कराने के बाद भी सरकार के कान में जूं तक नही रेंगा है। भाजपा सरकार लगातार किसानों को प्रताड़ति करने का काम कर रही है, इस तरह की समस्या भाजपा सरकार जान बूझ कर पैदा कर रही है ताकि किसानों का धान नही खरीदना पड़े। इसी तरह अगर धान खरीदी चलता रहा तो किसान तय समय मे अपना धान नही बेंच पाएंगे। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि पूर्व में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार भी धान खरीदते आई है लेकिन इस तरह का परेशानी कभी नही आया था। अगर सोमवार तक धान खरीदी के लिए टोकन की लिमिट बढ़ाकर धान परिवहन सुचारू रूप से प्रारंभ नही हुआ तो किसानों के साथ कांग्रेस पार्टी बुधवार को दुर्ग जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में तालाबंदी करेंगे।

## खबर संक्षेप



### सुपेला अस्पताल में की गई कैंसर की जांच

**भिलाई।** लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में लोगों की कैंसर स्क्रीनिंग टेस्ट की गई। रिपोर्ट आने के बाद मरीजों का निःशुल्क उपचार किया जाएगा।
एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत कैंसर स्क्रीनिंग के लिए बालको मेडिकल सेंटर रायपुर द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. पलक अग्रवाल कैंसर सर्जन बालको और उनकी टीम के सहयोग से मुख्य रूप से मुंह के कैंसर, स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रिवा का कैंसर की लक्षण की पहचान करते हुए मेमोग्राफी, पैपस्मियर की वैन में 45 लोगों क़ी जांच की गई।
डॉ. पलक अग्रवाल ने बताया कि लाल बहादुर अस्पताल में मरीजों की काफी संख्या है। यहां संभावित मरीज मिले जिनकी जांच की गई। इनका रिपोर्ट आने के बाद आगे की जांच व इलाज के लिए बालको में शासन की योजनाओं द्वारा मुफ्त इलाज किया जाएगा। डॉ. पीयम सिंह प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस शिविर से कई मरीज लाभान्वित हुए। उन्होंने कहा कि ऐसे मरीज जो पैसे के आभाव के कारण अपना जांच कराने में असमर्थ है, उनको सूचना देकर अस्पताल बुलाया गया। शिविर में अस्पताल के चिकित्सकगण डॉ. बी सक्सेना, डॉ. बी वहने, डॉ. श्रेयास श्रीवास्तव, डॉ. जे वर्षीका, डॉ. विजयालक्ष्मी, डॉ. वैष्णवी, एवं डॉ. नवेद अली के साथ एन सी डी स्टॉफ कीर्ति साहू, नन्द कुमार साहू, मुकुंद जंघेल, शशि कुर्रे, सीमा निर्मलकर हेल्प डेस्क, रीमा एवं कविता शामिल थे।

### बीएसपी ने 2028 में सरकार बनाने लिया संकल्प



**दुर्ग।** संविधान निर्माता डॉ बाबा साहब अम्बेडकर के 69 वें परिनिर्वाण दिवस पर बहुजन समाज पार्टी दुर्ग जोन इकाई के तत्वावधान में श्रद्धांजलि एवं विचार संगोष्ठी पुराना बस स्टैण्ड दुर्ग में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्टेट कॉर्डिनेटर बसपा छग लता गेडाम ने कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर के सपनों को साकार करने के लिए छत्तीसगढ़ में 2028 में बसपा सरकार बनाना होगा। कार्यक्रम में जयप्रकाश बंजारे, दिलीप साहू, संतोष ध्रुव, दीपक चंद्राकर, बंटी चौरे, देवानंद कुंभकार, कृष्णा कोर्सेवाडा, संतु यादव, हीरालाल टंडन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अंग्रेजी व संस्कृत विषय में एनईपी 2020 के अनुरूप क्षमता विकास पर जोर

# कक्षा 6वीं के नवीन पाठ्यक्रम पर आधारित पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



विकासखंड बेरला के बीआरसी भवन में कक्षा छठवीं के नवीन पाठ्यक्रम पर आधारित अंग्रेजी एवं संस्कृत विषय का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण 8 दिसंबर से 12 दिसंबर तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें शासकीय माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों को एनईपी 2020 एवं नवीन गतिविधि आधारित पाठ्यक्रम के अनुरूप क्षमता विकास का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

**गतिविधि आधारित शिक्षण से भाषा कौशल मजबूत करने का दिया गया प्रशिक्षण**

अंग्रेजी विषय के प्रशिक्षण में रिसोर्स पर्सन के रूप में भागवत प्रसाद बानी, जोगी राम वर्मा, मास्टर ट्रेनर सागरिका यादव एवं फाउंडेशन से मोनिका नखाते ने सहभागिता की। प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बेमेतरा के निर्देशानुसार संपन्न हुआ, जिसमें बेरला विकासखंड के लगभग 42 शिक्षक शामिल हुए।

### महत्व पर डाला प्रकाश

भागवत प्रसाद बानी ने छठवीं कक्षा की नवीन पाठ्यक्रम पुस्तिका के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पाठ्यक्रम पूर्णतः गतिविधि आधारित है, जिसमें कहानी, कविता, डायरी लेखन जैसे माध्यमों से भाषा कौशल विकसित किया जाता है। जोगी राम वर्मा ने योग एवं जीवन कौशल के महत्व को समझाते हुए 'लेट अस डू', 'लेट अस डिस्कस' एवं 'लेट अस थिंक एंड रिफ्लेक्ट' जैसे बिंदुओं पर व्यावहारिक गतिविधियां कराईं। मास्टर ट्रेनर सागरिका यादव ने 'लेट अस लर्न', 'लेट अस लिसन', 'लेट अस स्पीक' एवं 'लेट अस राइट' के माध्यम से अंग्रेजी भाषा को सरल व रोचक ढंग से सीखने के उपाय बताए। वहीं मोनिका नखाते ने एनईपी 2020, व्यावसायिक कौशल, सांस्कृतिक गतिविधियां एवं 'लेट अस एक्सप्लोर' विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया।

### संस्कृत विषय का प्रशिक्षण किया आयोजित

इसी क्रम में कक्षा छठवीं संस्कृत विषय का प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षक प्रशिक्षक दौलत राम साहू (व्याख्याता), घनश्याम साहू एवं नंद कुमार ध्रुव द्वारा नवीन शिक्षा नीति 2020, संख्यावाची शब्द, संधि, समास, कारक रूप, धातुरूप, प्रत्यय, वर्णमाला, उच्चारण स्थान, सस्वर श्लोक वाचन सहित दैनिक जीवन से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। संस्कृत प्रशिक्षण में बेरला ब्लॉक के 20 शिक्षक शामिल हुए। सुरेन्द्र पटेल (प्रशिक्षण प्रभारी) ने लेखन कौशल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उदाहरण सहित गतिविधियों की जानकारी दी। वहीं बीआरसीसी कमलेश कुमार निषाद ने शिक्षकों से विद्यालयों में अंग्रेजी भाषा का सकारात्मक वातावरण निर्मित करने का आह्वान किया तथा नवीन गतिविधि आधारित पुस्तिकाओं के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया। प्रशिक्षण के तीसरे दिन डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे.के. घृतलहरे ने प्रशिक्षण के महत्व और शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षकों के समन्वय से ही सशक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने शिक्षकों से प्रशिक्षण में शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जी.एल. खुटियारे (डाइट), विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेरला जय प्रकाश करमाकर, बीआरसी डॉ. कमलेश निषाद, प्रशिक्षण प्रभारी सुरेन्द्र कुमार पटेल, अंग्रेजी एवं संस्कृत के मास्टर ट्रेनर तथा समस्त प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## लॉटरी से 145 हितग्राही को मिला पीएम आवास



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (एएचपी) घटक की लाटरी नगर निगम भिलाई सभागार कक्ष में शुक्रवार को आयोजित की गई। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, सभापति गिरवर बंटी साहू, निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, एमआईसी सदस्य संदीप निरंकारी, पार्षद नोहर वर्मा, सत्या देवी जायसवाल एवं आवास विभाग के नोडल अधिकारी अजीत तिग्गा की उपस्थिति में 145 हितग्राहियों की लाटरी निकाली गई।

- विधायक रिकेश सेन ने सौंपा सर्टिफिकेट

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में कुल निर्मित/निर्माणाधीन मकानों की संख्या 1749 है, जिसमें से 1053 आवासों आबंटित किया जा चुका है। शेष 696 मकानों में वन्दे मातरम कुरूद 26 मकान, स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद 11 मकान, सूर्याविहार के पीछे खम्हरिया 1 मकान, रजत बिल्डर्स शांति नगर 3 मकान, कृष्णा इंजीनियरिंग कालेज के पीछे खम्हरिया 45 मकान, माईल स्टोन के पीछे खम्हरिया 59 मकान का आबंटन लाटरी पद्वति के माध्यम से किया गया। इसमें भूतल के आवेदकों की संख्या 31 एवं अन्य तल के आवेदकों की संख्या 114 कुल 145 आवेदकों को आवास आबंटित किया गया है। लाटरी पश्चात शेष 551 आवासो का आबंटन आगामी समय में किया जाना है। अधिकारियों ने बताया कि हितग्राहियों को शासन की योजनाओं के बारे में पूरी जानकारी दी गई। ताकि उन्हें परेशान न होना पड़े।

लाटरी के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, आवास प्रभारी विदयाधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, उत्पल शर्मा, आदित्य सिंह, युक्ति देवांगन, जी मोहन राव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## करोड़ों की लागत से बनी पाटन-पाहंदा सड़क दम तोड़ने लगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन



पाटन से मटिया–बोरीद होकर पाहंदा को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क, जिस पर करीब 23–24 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ीकरण व निर्माण कार्य किया गया था, आज कुछ ही वर्षों में पूरी तरह बदहाली की कगार पर पहुँच चुकी है। करोड़ों की लागत के बाद भी सड़क की यह हालत सवाल खड़े करती है कि निर्माण के दौरान इंजीनियरों ने गुणवत्ता की जाँच आखिर कैसे और क्यों की थी निर्माण के तुरंत बाद ही सड़क पर जगह–जगह दरारें, और गड्ढे दिखाई देने लगे थे। इससे स्पष्ट होता है कि सड़क निर्माण के समय गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया गया, और विभागीय इंजीनियरों व कर्मचारियों द्वारा केवल औपचारिक जांच कर ली गई। स्थिति यह है कि तब से अब तक लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर और ठेकेदार लगातार लीपा–पोती करते ही नजर आते हैं। जहाँ भी सड़क टूटती है, वहां अस्थायी रूप से मिट्टी या कोलतार डालकर मरम्मत कर दी जाती है। इस तरह की बार–बार की मरम्मत यह स्पष्ट करती है कि:निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता वाले सामग्री का उपयोग नहीं हुआ. इंजीनियरों ने कंस्ट्रक्शन सुपरविजन की जिम्मेदारी ठीक से निभाई नहीं जिससे कुछ वर्षो बाद ही निर्माण के दौरान की गई लापरवाही कुछ ही सालों में उजागर हो गई किसानों और राहगीरों को आने वाली दिनों मे हो सकती है भारी परेशानी. यह सड़क किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है ज़ब इस मार्ग मे चलना तक कठिन हुआ करता तब लोगो किसानो क़ी समस्या से निर्माण कार्य क़ी सौगात मिली थीं।

### 11 जनवरी को सीटू का वार्षिक सम्मेलन

**भिलाई।** हिंदुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन भिलाई सीटू का तीन वार्षिक सामान्य सम्मेलन 11 जनवरी को होगा। यूनियन की विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। सम्मेलन में विस्तारित कार्यकारिणी समिति के सदस्य पदेन प्रतिनिधियों के रूप में भाग लेंगे। इसके अलावा 19 वें त्रय वार्षिक सम्मेलन हेतु जारी किए गए दिशा निर्देश के अनुसार जोनल एवं ब्रांच सम्मेलन में चुने गए प्रतिनिधि इस सम्मेलन में भाग लेंगे। .यूनियन महासचिव जगन्नाथ प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि सम्मेलन में यूनियन के द्वारा किए गए गतिविधियों की रिपोर्ट के साथ आगामी 3 वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी का चुनाव किया जाता है।

## जांच की गुणवत्ता सुधारने आईजी ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



आईजी रामगोपाल गर्ग ने समीक्षा बैठक लिया। इसमें 270 से अधिक दोषमुक्ति मामलों की पड़ताल की गई। बैठक में दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिलों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य गंभीर अपराधों में दोषमुक्ति के कारणों को समझना और भविष्य में दोषसिद्ध प्रतिशत बढ़ाने के लिए ठोस रणनीति तैयार करना था। रेंज कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में महिला-बाल अपराध, पॉक्सो एक्ट, हत्या, हत्या का प्रयास और अन्य गंभीर अपराधों से जुड़े उन मामलों का विशलेषण किया गया। जिनमें अदालतों ने आरोपियों को बरी कर दिया था। आईजी ने कहा कि दोषमुक्ति केवल अदालत का निर्णय नहीं, बल्कि यह विवेचना, साक्ष्य संकलन और अभियोजन समन्वय की कमजोरियों का संकेत है। उन्होंने सभी विवेचकों को मजबूत फोरेंसिक सहयोग लेने, केस डायरी की गुणवत्ता सुधारने, अदालत में पेश किए जाने वाले साक्ष्यों को त्रुटिरहित बनाने के स्पष्ट निर्देश दिए। पुलिस और अभियोजन के बीच मजबूत समन्वय को अत्यंत आवश्यक बताया। आईजी ने कहा कि यदि साक्ष्य कोर्ट में अपनी विश्वनीयता सिद्ध नहीं कर पाते, तो पूरी जांच प्रक्रिया प्रभावित होती है। दोषसिद्ध प्रतिशत बढ़ाना पुलिस की कार्यकुशलता और विश्वनीयता का सीधा संकेतक है, इसलिए हर अपराध में पेशेवर मानक अनिवार्य हैं।

### होगा जमानत निरस्तीकरण

बैठक में आदतन अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई को प्राथमिकता दी गई। आईजी गर्ग ने कहा कि ऐसे अपराधी समाज में भय का वातावरण बनाते हैं। उनके खिलाफ कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई आवश्यक है। निर्देश दिया गया है कि जिन अपराधियों को जमानत मिल चुकी है और वे दोबारा अपराध करते पकड़े जा रहे हैं, उनकी जमानत निरस्तीकरण के लिए तत्काल न्यायालय में पहल की जाए।

## बीजाभाट में विशाल हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन

# हमें अपने घर-परिवार में राम जैसे संस्कार, चरित्र व सौहार्द का वातावरण बनाना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



जिला मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम बीजाभाट में शनिवार एक हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा, मातृशक्ति, बहनें एवं वरिष्ठ नागरिक सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कलीराम यदु ने की, जबकि विभाग कार्यवाह संजय पांडेय मंच पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन के मुख्य वक्ता नारायण नामदेव प्रांत सह प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (छत्तीसगढ़) रहे।

अपने उद्बोधन में मुख्य वक्ता श्री नामदेव ने भगवान राम के जन्म प्रसंग से बात की शुरुआत करते हुए कहा कि रामायण केवल सुनने की नहीं, बल्कि रामायण के चिंतन और आचरण को जीवन में उतारने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भगवान राम का जीवन आज भी आदर्श है—वे आज्ञाकारी पुत्र, मर्यादित पति, आदर्श राजा और चरित्रवान व्यक्तित्व के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने घर-परिवार में राम जैसे संस्कार, चरित्र और सौहार्द का वातावरण बनाना चाहिए।

उन्होंने संयुक्त परिवार व्यवस्था को भारत की शक्ति बताते हुए कहा कि आज एकल परिवार की बढ़ती प्रवृत्ति समाज को कमजोर कर रही है। परिवार को समझदारी और आपसी सहयोग से चलाने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने प्लास्टिक और डिस्पोजेबल वस्तुओं के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों पर भी प्रकाश डालते हुए इनके बहिष्कार का आह्वान किया। स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ा प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने माताओं द्वारा दिए जाने वाले संस्कारों के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि महान व्यक्तित्वों के निर्माण में पारिवारिक संस्कारों की अहम भूमिका होती है। कार्यक्रम में अमोरा मानस मंडली द्वारा सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। वहीं पूर्व माध्यमिक शाला बीजाभाट की बालिकाओं द्वारा स्वागत वंदन प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती एवं भारत माता की जय के उद्घोष के साथ हुआ।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रमुख रूप से बोधीराम निषाद, गंगाधर यादव, राजकुमार महंत, धनाजीलाल निषाद, मनोज यदु, डेरह राम देवांगन, नीलेश कुमार तिवारी, प्रेमनाथ, राहुल, प्रनीश रजक, केशव साहू, अटल नामदेव, गिरधारी सिन्हा, सनत पाटिल, तुलसी साहू, बल्लू, शिव वर्मा, धनीराम साहू, रामकुमार साहू एवं विवेक दिवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पेज 13 के शेष...

### 2025 की अंतिम...

प्रकरणों का निराकरण करने वाले पक्षकारों को प्रोत्साहन स्वरूप फलदार एवं छायादार पौधों का वितरण किया गया। कई मामलों में पीठासीन अधिकारियों द्वारा तुलसी का पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। नेशनल लोक अदालत के दौरान पुलिस विभाग के सहयोग से यातायात जागरूकता शिविर एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें सड़क सुरक्षा नियमों के पालन एवं बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी गई।

### युवा शक्ति ही...

के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रेरित कर रहे हैं। आज इसी सोच का परिणाम है कि खेल अब केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि जीवनशैली का अभिन्न अंग बनता जा रहा है। उन्होंने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेलकूद से जीवन में अनुशासन, आत्मसंयम, धैर्य और संघर्ष की भावना विकसित होती है। हार के बाद निराश न होकर पुनः प्रयास करना और जीत के बाद विनम्रता के साथ खेल भावना बनाए रखना – यह सीख खेल के मैदान से मिलती है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, पार्षद नीतू कोठारी, विकास तंबोली,लक्की साहू, सिमरन ताम्रकार, पार्षद प्रतिनिधि रोशन, शहर मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, राजू देवांगन, गोपी देवांगन सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, खेल विभाग एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 14 दिसंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 लॉटरी से 145 हितग्राही को मिला पीएम आवास





14 सिलघट में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के अंतिम दिन...




## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स दिवस पर पेंशनर्स का सम्मान 17 को

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन बेमेतरा के तत्वावधान में आयोजित पेंशनर्स दिवस पर पेंशनर्स का सम्मान कार्यक्रम, समस्याओं पर चर्चा तथा जिला कार्यकारणी का गठन 17 दिसंबर को 11:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक रसोई रेस्टोरेंट कालेज के सामने कोबिया में होगा। छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन बेमेतरा के जिलाध्यक्ष आरके वर्मा ने बताया कि दोपहर 12 से 12:30 बजे तक पेंशनर्स कर्मचारियों का सम्मान, दोपहर 12.30 से 1 भोजन व दोपहर 1 से 3 बजे पेंशनर्स से संबंधित समस्याओं व जिला कार्यकारिणी के गठन पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### ई रिक्शा और एक्टिवा में भिड़ंत, युवक की मौत

**भिलाई।** ई रिक्शा और एक्टिवा में भिड़ंत होने से एक्टिवा सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र की है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि वार्ड 9 शीतला पारा भिलाई तीन निवासी अरमान यादव की सड़क हादसे में मौत हो गई। चरोदा स्थित मंदिर के पास गुरुवार देर रात ई-रिक्शा एक्टिवा के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें एक्टिवा सवार अरमान यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से उपचार के लिए सुपेला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर है कि अरमान की उसकी तीन वर्ष पहले ही शादी हुई थी और वह एक बच्चा भी है। मृतक भिलाई तीन स्थित ज्वेलरी शॉप में काम करता था। हादसे के बाद ई-रिक्शा चालक व वाहन के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है। गौरतलब हो कि सड़क पर ई रिक्शा रफ्तार में चल रहा है।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से ट्रक चालक की मौत

**भिलाई।** ट्रक पर चढ़ते समय चालक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घटना पुलगांव थाना क्षेत्र की है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि गिरहोला नंदिनी निवासी सुरेश कुमार ट्रक चालक है। गुरुवार को गायत्री पैलेस के सामने गोयल इंफ्रा कंपनी के गेट के पास खड़े फ्लाई एश से भरे ट्रक पर चढ़ते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में सुरेश आ गया। करंट लगते ही सुरेश जमीन पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर जेवरा सिरसा पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में सुरेश को निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां आईसीयू में बेड नहीं होने से उसे शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

## आयोजन : नेशनल लोक अदालत से बेमेतरा को मिली बड़ी राहत

# 2025 की अंतिम लोक अदालत में 9,934 प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला न्यायालय में शनिवार वर्ष 2025 की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा श्रीमती सरोज नंद दास द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं एवं न्यायिक कर्मचारियों से अधिक से अधिक लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण करने का आह्वान किया। अपने संबोधन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरोज नंद दास ने कहा कि लोक अदालत विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने का सशक्त मंच है। यह न केवल पक्षकारों के बीच वर्षों से चली आ रही कटुता को समाप्त करती है, बल्कि समाज में शांति, विश्वास और सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ बनाती है। उन्होंने इसे राष्ट्र सेवा का प्रभावी माध्यम बताया।

- 3.05 करोड़ रुपये से अधिक की समझौता राशि

**9 खण्डपीठों का गठन, जिले भर से पहुंचे पक्षकार-** नेशनल लोक अदालत के संचालन के लिए जिला न्यायालय में 8 तथा तहसील न्यायालय में 1, इस प्रकार कुल 9 न्यायालयीन खण्डपीठों का गठन किया गया। लोक अदालत में जिले के शहरी एवं ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में पक्षकार अपने प्रकरणों के निराकरण के लिए उपस्थित हुए। लोक अदालत में आए पक्षकारों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विधिक सहायता डेस्क, स्वास्थ्य परीक्षण डेस्क, स्वचलित चिकित्सकीय वाहन, यातायात जागरूकता डेस्क के साथ-साथ सभी प्रमुख बैंकों, विद्युत विभाग एवं फाइनेंस कंपनियों के काउंटर लगाए गए।

**न्याय वृक्ष, द्वार तोरण और प्रदर्शनी से बढ़ी कानूनी समझ-** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा द्वारा नालसा एवं सालसा की योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु न्याय वृक्ष, द्वार तोरण और प्रदर्शनी लगाई गई। लोक अदालत में आए पक्षकारों को बाल विवाह रोकथाम, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, साइबर क्राइम, हिट एंड रन, मोटर यान अधिनियम एवं निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित जानकारी पाम्पलेट के माध्यम से दी गई।

**लघु फिल्मों से मिला सामाजिक और कानूनी संदेश-** न्यायालय परिसर में प्रोजेक्टर के माध्यम से घरेलू हिंसा, लैंगिक अपराध, महिलाओं से छेड़छाड़, साइबर अपराध और सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया, जिससे आमजन में कानून के प्रति जागरूकता बढ़ी।

**समझौता करने वाले पक्षकारों को किया गया पौधों से सम्मानित-** लोक अदालत में आपसी सहमति से ▶▶| शेष पेज 12 पर

### लोक अदालत से खत्म होती है वर्षों की रंजिश : प्रधान जिला न्यायाधीश





#### रिकॉर्ड 3 करोड़ 5 लाख 66 हजार रुपये का अवार्ड पारित

नेशनल लोक अदालत में कुल 9,934 प्री-लिटिगेशन एवं लंबित प्रकरण निराकरण के लिए रखे गए। इनमें राजस्व प्रकरण, बैंक एवं विद्युत विवाद, बीएसएनएल प्रकरण, आपराधिक, सिविल, पारिवारिक, एनआई एक्ट धारा 138, मोटर दुर्घटना दावा सहित अन्य मामलों का निपटारा कर जिले में 3 करोड़ 5 लाख 66 हजार 687 रुपये की समझौता राशि का अवार्ड पारित किया गया, जो जिले के लिए एक रिकॉर्ड उपलब्धि रही।

#### भावुक दृश्य, 6 परिवार फिर जुड़े

नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत कुटुम्ब न्यायालय बेमेतरा में 13 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिनमें 6 परिवार पुनः एक हुए। वर्षों से अलग रह रहे दंपत्तियों ने बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए साथ रहने का निर्णय लिया। न्यायालय परिसर में हुए ये पल भावुक और प्रेरणादायक रहे। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, बैंक, विद्युत विभाग, नगर पालिका, न्यायिक कर्मचारी, पैरालीगल वालेंटियर्स एवं अन्य विभागों का सराहनीय योगदान रहा।

# जिले में धान खरीदी तेज, उठाव धीमा : टोकन संकट और सर्वर डाउन से किसान परेशान



45 हजार 180 मीट्रिक टन का डिलीवरी डीओ जारी, केवल 15 हजार 495.36 मीट्रिक टन धान का ही उठाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य जारी है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अब तक 2 लाख 55 हजार 342.16 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके विरुद्ध 45 हजार 180 मीट्रिक टन का डिलीवरी ऑर्डर (डीओ) जारी किया गया है, जिसमें से केवल 15 हजार 495.36 मीट्रिक टन धान का ही उठाव हो पाया है। इस प्रकार जिले में डीओ के मुकाबले महज 34 प्रतिशत उठाव दर्ज किया गया है।

- 0 2 लाख 55 हजार 342.16 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो गई

धान खरीदी शुरू हुए लगभग 25 दिन बीत चुके हैं, लेकिन बड़ी संख्या में किसान आज भी टोकन के लिए परेशान हैं। किसानों का आरोप है कि सरकार द्वारा टोकन जारी करने के लिए बनाया गया 'तूहर' एप बार-बार सर्वर डाउन होने के कारण काम नहीं कर रहा, जिससे समय पर टोकन नहीं मिल पा रहे हैं। टोकन न मिलने से किसानों की कटी हुई फसल खेतों और खलिहानों में खुले आसमान के नीचे पड़ी हुई है। मौसम खराब होने की स्थिति में धान खराब होने का खतरा भी बढ़ गया है, जिससे किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है।

**खरीदी केंद्रों में स्टॉक जाम, उठाव बढ़ाने की जरूरत-** दूसरी ओर समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान से जिले के अधिकांश खरीदी केंद्रों में स्टॉक जाम की स्थिति बन गई है। धीमे उठाव के कारण नए धान के भंडारण में दिक्कतें आ रही हैं। प्रशासनिक स्तर पर तेज गति से उठाव कराए जाने की सख्त आवश्यकता महसूस की जा रही है, ताकि खरीदी व्यवस्था सुचारू रह सके और किसानों को राहत मिल सके।

**किसानों की मांग—टोकन व्यवस्था दुरुस्त हो, उठाव में आए तेजी-** किसानों ने मांग की है कि 'तूहर' एप के सर्वर की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, टोकन समय पर जारी हों और धान उठाव की रफ्तार बढ़ाई जाए, ताकि समर्थन मूल्य पर खरीदी का लाभ वास्तविक रूप से किसानों तक पहुंच सके।

# युवा शक्ति ही विकसित भारत की सशक्त नींव : विधायक

### सांसद खेल महोत्सव खेल, फिटनेस और अनुशासन को बना रहा है जनआंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा माय भारत बेमेतरा के संयुक्त तत्वावधान में नगर के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित युवा शक्ति उत्सव – सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह के प्रथम दिवस में विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी एवं भारत माता के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलन के साथ गरिमामय वातावरण में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक साहू ने कहा कि पाँच वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए "सांसद खेल महोत्सव" की संकल्पना आज देशभर में खेल, फिटनेस और अनुशासन को बढ़ावा देने वाला एक सशक्त जनआंदोलन बन चुकी है। उन्होंने कहा कि दुर्ग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बेमेतरा जिले में पहली बार सांसद खेल महोत्सव का सफल आयोजन होना जिले के लिए गर्व का विषय है। इस महोत्सव के माध्यम से लाखों विद्यार्थी, युवा एवं वरिष्ठ नागरिक खेल गतिविधियों से जुड़कर स्वस्थ जीवनशैली की ओर अग्रसर हो रहे हैं। विधायक श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए खेल महोत्सव गुजरात की शुरुआत की थी और प्रधानमंत्री बनने के बाद भी वे देश के युवाओं को खेल, प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाओं एवं प्रतियोगिताओं ▶▶| शेष पेज 12 पर



### बीएलओ, ईआरओ, एईआरओ एवं तकनीकी अमले का जिला स्तरीय प्रशिक्षण व समीक्षा बैठक संपन्न

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर ) के अंतर्गत अनुपस्थित, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के पुनः सत्यापन तथा लॉजिकल एरर सुधार कार्य के लिए जिले के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स एवं तकनीकी कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम दिशा सभाकक्ष, जिला कार्यालय में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य को गंभीरता, पारदर्शिता एवं समय-सीमा में पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए। कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है, जिसके अनुसार गणना प्रपत्र भरने की अवधि 18 दिसम्बर 2025, प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 23 दिसम्बर 2025 को किया जाएगा तथा 22 जनवरी 2026 तक दावा-आपत्तियाँ प्राप्त की जाएंगी। वहीं, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि जिले में बीएलओ द्वारा गणना पत्रकों का संग्रहण एवं अपलोड कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है तथा अनुपस्थित, मृत, स्थानांतरित एवं डुप्लीकेट मतदाताओं की पहचान कर बूथ लेवल एजेंट के साथ बैठक कर सूचियाँ साझा की जा रही हैं।

प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर शर्मा ने कहा कि बीएलओ एप में अपलोड किए गए गणना पत्रकों में पाई गई लॉजिकल एरर को आयोग के नवीन निर्देशों के अनुसार अनिवार्य ▶▶| शेष पेज 12 पर



#### कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक मतदाता का विवरण सही, अद्यतन एवं त्रुटिरहित होना चाहिए, ताकि जिले की मतदाता सूची पूर्णतः शुद्ध एवं विश्वसनीय बन सके। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती का आधार शुद्ध मतदाता सूची है, इसलिए सभी अधिकारी इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन कार्यालय के सहायक प्रोग्रामर बॉबी राजपूत द्वारा प्रेजेंटेशन एवं वीडियो के माध्यम से बीएलओ एप में लॉजिकल एरर सुधार की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. ध्रुव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने फरार 66 वारंटियों को पकड़ा

**भिलाई।** वारंटियों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई किया है। इस दौरान अलग-अलग थानों से कुल 66 वारंटियों को पकड़ा गया। इसमें स्थायी और गिरफ्तारी वारंट वाले अपराधी शामिल हैं। सभी को फिंगर प्रिंट प्रक्रिया के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि वारंटियों में अदालती मामलों में बार-बार गैरमौजूद रहने वाले 26 स्थायी वारंटी और आपराधिक मामलों से जुड़े 40 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं। अभियान की सफलता के बाद, पुलिस अब फरार वारंटियों की डिजिटल निगरानी प्रणाली को और मजबूत करने की योजना बना रही है। इसका उद्देश्य वारंट जारी होते ही उनकी लोकेशन को तुरंत ट्रैक कर कार्रवाई करना है। दुर्ग थाना से 4, पुरानी भिलाई, जामुल, स्मृति नगर, नंदिनी से 3-3; सुपेला, भिलाई नगर, भिलाई भट्टी से 2-2; कुम्हारी, वैशाली नगर, मोहन नगर, अमलेश्वर से 1-1 वारंटी मिले। इसके अलावा नेवई से 6, छावनी, सुपेला से 5-5, दुर्ग 4, मोहन नगर 3, खुर्सीपार, वैशाली नगर, स्मृति नगर, भिलाई भट्टी, रानीतराई, अमलेश्वर, अंडा से 2-2; भिलाई नगर, पुलगांव, मचानदूर से 1-1 वारंटी है।

### नगर राजभाषा भिलाई-दुर्ग को मिला पुरस्कार

**भिलाई।** सदस्य संस्थानों द्वारा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग तथा राजभाषा नीति के सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन के लिए गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, (मध्य) भोपाल द्वारा 'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग' को वर्ष 2024-25 के लिए 'नराकास राजभाषा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। नराकास, भिलाई-दुर्ग को पूर्व में भी राष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त होते रहे हैं। प्राप्त प्रतिष्ठापूर्ण पुरस्कारों में उल्लेखनीय हैं, वर्ष 2015 में राष्ट्रीय स्तर को कीर्ति पुरस्कार प्रथम तथा वर्ष 2016 में कीर्ति पुरस्कार द्वितीय। इनके अलावा मध्य क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार नराकास राजभाषा सम्मान प्रथम स्थान 2013-14, 2014-15 और 2015-16 में लगातार तीन वर्ष। पुनः वर्ष 2017-18 के लिए प्रथम स्थान वर्ष 2018-19 के लिए तृतीय स्थान और वर्ष 2023-24 के लिए बीएसपी के ईडी पवन कुमार ने बधाई दी है।

### निगम ने दी अनुकंपा नियुक्ति

**भिलाई।** शासन के निर्देशानुसार नियमित कर्मचारी के आकस्मिक मृत्यु होने पश्चात उनके परिवार के एक सदस्य को नियमानुसार अनुकंपा नियुक्ति देने का प्रावधान है। नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने नियमित कर्मचारी कौशल के मृत्यु पश्चात उनके परिवार के बिरेन्द्र कुमार को अनुकंपा नियुक्ति आदेश जारी करते हुए संपत्तिकर विभाग में भृत्य के पद पर पदस्थापना दी।

**आयोजन : अखिल विश्व गायत्री परिवार के आयोजन में विधि-विधान से हुआ विवाह**

# सिलघट में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के अंतिम दिन हुआ 93 जोड़ों का सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा ग्राम सिलघट में आयोजित चार दिवसीय 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के चतुर्थ एवं अंतिम दिवस पर 93 जोड़ों का सामूहिक विवाह श्रद्धा, अनुशासन और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन सामाजिक समरसता और सादगीपूर्ण विवाह संस्कार का उत्कृष्ट उदाहरण बना। सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 2 बजे हुआ और 4 बजे विधिविधान के साथ विवाह संपन्न कराया गया। विवाह संस्कार गायत्री परिवार, हरिद्वार से आए ऋषि-पुत्रों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न कराया गया। आयोजन स्थल पर वर एवं वधू पक्ष के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाए गए थे, जहां पुष्पवर्षा कर अतिथियों और नवयुगलों का स्वागत किया गया। सिलघट में आयोजित यह 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं 93 जोड़ों का सामूहिक विवाह न केवल एक धार्मिक आयोजन रहा, बल्कि सामाजिक सौहार्द, सादगी और सामूहिकता का सशक्त संदेश भी बनकर उभरा।

**अनूठी व्यवस्था: बाराती बने अधिकारी, घराती बने आयोजक-** इस सामूहिक विवाह की विशेषता यह रही कि लड़का पक्ष के साथ शासन-प्रशासन के कर्मचारी भी बाराती बनकर विवाह स्थल पहुंचे, वहीं महायज्ञ के आयोजक एवं कन्या पक्ष के रिश्तेदार घराती बने। इस अनोखी व्यवस्था ने आयोजन को सामाजिक एकता का संदेश दिया।

**आयोजक ने जताया आभार-** आयोजन समिति की ओर से दुर्गा प्रसाद टिकरिहा ने जानकारी देते हुए बताया कि चार दिनों तक चले 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शनिवार को समापन हुआ, जिसमें 93 जोड़ों का सामूहिक विवाह प्रमुख आकर्षण रहा। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी गायत्री परिजनों, पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**माताओं-बहनों का रहा विशेष योगदान-** आयोजन समिति की स्वाति टिकरिहा एवं योगिता टिकरिहा ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में गायत्री परिवार की माताओं और बहनों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी 108 कुंडों में व्यवस्था से लेकर अतिथियों के स्वागत तक, माताएं-बहनें गायत्री परिजन भाइयों के साथ कदम से कदम मिलाकर सक्रिय रहीं।

**नवदम्पतियों को मिला गायत्री साहित्य का उपहार-** गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्री श्याम बैस द्वारा सभी नवविवाहित जोड़ों एवं उपस्थित परिजनों को गायत्री साहित्य का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि गायत्री साहित्य के अध्ययन से बुद्धि का विकास होता है, पारिवारिक वातावरण सकारात्मक बनता है और जीवन में सुख-शांति बढ़ती है। इसी उद्देश्य से नवदम्पतियों को आशीर्वाद सहित साहित्य प्रदान किया गया।



**जनप्रतिनिधि व प्रशासन की गरिमामयी उपस्थिति**

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस प्रशासन सहित विभिन्न विभागों की सहभागिता रही। प्रमुख रूप से जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य अतिथियों मेंपहलाद रजक (अध्यक्ष, रजक विकास बोर्ड छ.ग.), विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, जितेंद्र साहू (जिला अध्यक्ष, भाजपा बेमेतरा), पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, सीमा टिकरिहा (जनपद सदस्य, बेरला), योगेश तिवारी, अजय शर्मा, सदाशिव हथमल जी (सहायक प्रबंध ट्रस्टी, गायत्री परिवार ट्रस्ट) सहित अनेक अधिकारी व गणमान्य नागरिक शामिल रहे। आयोजन समिति से अन्नपूर्णा चंद्राकर, तृषा टिकरिहा, यशस्वी टिकरिहा, मेघा टिकरिहा, नर्मदा देवी टिकरिहा, मनीषा वर्मा, रानी टिकरिहा, संगीता टिकरिहा, पिंकी टिकरिहा, स्वर्णा टिकरिहा, अजय साहू सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजन और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6वीं प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण हुई सम्पन्न

**कलेक्टर रणबीर शर्मा ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु जिले में प्रवेश परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण वातावरण में किया गया। परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए जिले के गर्ल्स स्कूल एवं बॉयज स्कूल को परीक्षा केंद्र के रूप में निर्धारित किया गया था, जहां बड़ी संख्या में अभ्यर्थी निर्धारित समय पर उपस्थित होकर परीक्षा में शामिल हुए। प्रशासन द्वारा परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं।

इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रणबीर शर्मा ने दोनों परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा कक्षों, उपस्थिति व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता एवं सुरक्षा इंतजामों का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने केंद्राध्यक्षों एवं ड्यूटी में तैनात अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी तरह नकलमुक्त, शांतिपूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराई जाए, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान कलेक्ट ने अभ्यर्थियों से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय ग्रामीण प्रतिभाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का सशक्त माध्यम है और इस प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलेगा। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के सफल आयोजन के लिए शिक्षा विभाग, पुलिस प्रशासन एवं संबंधित अमले का समन्वित प्रयास सराहनीय रहा।



**स्वास्थ्य व सुरक्षा मानकों का रखा गया विशेष ध्यान**

इसके साथ ही परीक्षा के दौरान सामान्य स्वास्थ्य सुरक्षा मानकों का भी विशेष ध्यान रखा गया। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पूर्व अभ्यर्थियों की जांच, पहचान सत्यापन तथा अनुशासन व्यवस्था को सख्ती से लागू किया गया। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या नकल की संभावना को रोकने के लिए पर्याप्त संख्या में पर्यवेक्षक, उड़नदस्ते एवं सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई थी। परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर अभिभावकों में भी संतोष देखा गया, जिन्होंने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की।कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने निरीक्षण के उपरांत अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा समाप्ति के बाद उत्तर पुस्तिकाओं के संधारण एवं प्रेषण की प्रक्रिया भी पूरी सतर्कता के साथ संपन्न की जाए। उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता ही नवोदय विद्यालय प्रणाली की पहचान है। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि जिले के मेधावी विद्यार्थियों को समान अवसर प्राप्त हो और वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।

### बेसिक स्कूल में आनंद मेले का आयोजन, बच्चों की प्रतिभा ने मोहा मन

**बेमेतरा।** नगर स्थित ऐतिहासिक बेसिक स्कूल परिसर मे आनंद मेले का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक, नगर के गणमान्य अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। आनंद मेले के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, आत्मनिर्भरता तथा सामाजिक सहभागिता की भावना को विकसित करना रहा। मेले के माध्यम से बच्चों को सीखने के साथ-साथ व्यवहारिक अनुभव प्राप्त हुआ।



मेले में छात्रों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। इनमें खेलकूद, हस्तशिल्प, शैक्षिक सामग्री, स्वादिष्ट व्यंजन एवं मनोरंजक गतिविधियाँ शामिल थीं। बच्चों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ मेले में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। आनंद मेले में अभिभावकों एवं नगरवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज की गई। सभी ने विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के इस नवाचारपूर्ण प्रयास की सराहना करते हुए इसे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद रवि मुलानी, नीतू कोठारी, विकास तम्बोली, रोशन दत्ता, योगेश वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। आयोजन के सफल संचालन में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में शिक्षक एवं छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ...



**साजा।** सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ विधायक ईश्वर साहू ने किया। इस अवसर पर एसडीएम हर्ष लता वर्मा ने मुख्य अतिथि का सम्मान किया। कार्यक्रम में सीईओ सोमनाथ साहू सहित सभी विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

# ओपन-नेशनल कराटे टूर्नामेंट में बेमेतरा का परचम, 43 पदक जीतकर रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ओपन-नेशनल कराटे टूर्नामेंट में बेमेतरा जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश और देश स्तर पर अपनी सशक्त पहचान बनाई है। द वारक्राई मार्शल आर्ट्स एंड सेल्फ-डिफेंस अकादमी, बेमेतरा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए कुल 43 पदक अपने नाम किए हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर अकादमी द्वारा गौरव पदक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में कलेक्टर रणवीर शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों ने नन्हे खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया, उनका उत्साहवर्धन किया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएँ दीं। अधिकारियों ने कहा कि बच्चों की यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। गौरतलब है कि अकादमी के 27 खिलाड़ियों ने अद्भुत प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण, 7 रजत, 31 कांस्य सहित कुल 43 पदक जीतकर बेमेतरा जिले का नाम रोशन किया। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से 825 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। ऐसे बड़े मंच पर सीमित संख्या में खिलाड़ियों के साथ इतनी बड़ी पदक उपलब्धि हासिल करना बेमेतरा की खेल प्रतिभा और प्रशिक्षण स्तर को दर्शाता है।



# कॉलेज में मचाया उत्पात, दो पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** कल्याण कॉलेज सेक्टर 7 में हंगामा कर उत्पात मचाने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि स्मृति नगर निवासी हरदीप पात्रे ,शंकरपारा सुपेला दीपक पाल उर्फ दीपू को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों द्वारा प्राचार्य कक्ष में परीक्षा का फॉर्म परीक्षण और हस्ताक्षर का कार्य चल रहा था। तभी कालेज के पूर्व छात्र आकाश कनौजिया, दीपक पाल, आनंद यदु, नितेश गुप्ता, आशीष कालो, भौमित पटेल, अंशुल शर्मा समेत अन्य छात्र एकराय होकर नारेबाजी करते हुए कालेज में प्रवेश किया था। प्राचार्य के टेबल के काँच को तोड़ दिया और टेबल पर रखें शासकीय दस्तावेज को उठाकर फेंक दिया था। शासकीय कार्य में भी बाधा पहुंचाया था। पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा है। अन्य आरोपी पुलिस गिरफ्तार से बाहर है।




# जो करना है आज करिए, कल पर न छोड़िए : ज्योतिर्मयानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ शिव महापुराण कथा में स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती जी का जीवन-दर्शन

नगर के हृदय स्थल स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित गौ प्रतिष्ठा यज्ञ एवं शिव महापुराण कथा इन दिनों श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बनी हुई है। प्रतिदिन प्रातः से संध्या तक शिवभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती के मुखारविंद से प्रवाहित हो रही शिव महापुराण की अमृतमयी कथा को सुनने हजारों श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। आयोजन का समापन 14 दिसंबर को विधि-विधान एवं पूर्णाहुति के साथ होगा।

कथा के दौरान स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती ने जीवन की नश्वरता और समय के महत्व पर गहन प्रकाश डालते हुए कहा कि बिना हरि-प्रेरणा के न तो सत्संग का पूर्ण लाभ मिलता है और न ही धर्म का वास्तविक फल। जब ईश्वर की कृपा मनुष्य पर होती है, तब सामान्य व्यक्ति भी असाधारण कार्य करने की क्षमता प्राप्त कर लेता है। यही शिव तत्व का मूल भाव है।

स्वामी जी ने अपने प्रवचन में कहा जो करना है आज करिए, उसे कल पर न छोड़िए, क्योंकि काल किसी की प्रतीक्षा नहीं करता। उन्होंने भंवरे का अत्यंत मार्मिक दृष्टांत सुनाया, जिसमें भंवरा फूल के मकरंद में आसक्त होकर 'कल' के भरोसे वहीं ठहर जाता है और कालरूपी हाथियों द्वारा कुचल दिया जाता है। स्वामी जी ने समझाया कि भंवरा मन का प्रतीक है और हाथी काल का, जो जीवन की अनिश्चितता का सशक्त संदेश देता है। यह दृष्टांत श्रोताओं के हृदय को गहराई तक स्पर्श कर गया। कथा क्रम में शिवमहापुराण की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए स्वामी जी ने कहा कि यह अठारह पुराणों में श्रेष्ठ है, जिसमें भगवान शिव के शाश्वत स्वरूप, सती–पार्वती अवतरण, शिव–शक्ति के पुनर्मिलन, देवताओं के स्तवन तथा धर्म की पुनर्स्थापना का विस्तृत वर्णन मिलता है। उन्होंने कहा— जहाँ शिव हैं, वहीं शक्ति है और जहाँ शक्ति है, वहीं सामर्थ्य और सृष्टि का संतुलन है।

स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती ने राधा–कृष्ण विवाह प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि यह केवल लोककथा नहीं, बल्कि शिवमहापुराण और गर्ग संहिता में प्रमाणित सत्य है। स्वयं ब्रह्माजी द्वारा श्रीराधा–कृष्ण का विवाह संपन्न कराए जाने का उल्लेख पुराणों में मिलता है।



**ये रहे उपस्थित**

कृषि उपज मंडी परिसर बेमेतरा में आयोजित इस गौ प्रतिष्ठा यज्ञ एवं शिव महापुराण कथा में शक्तिधर दीवान, रोशनधर दीवान, भकला यादव, जीवधन प्रसाद तिवारी, नारायण साहू, केशव प्रसाद तिवारी, सुनील नामदेव, पार्षद नीतु कोठारी, गौरव साहू, चांदनी रोशन दत्ता, रश्मि फणेन्द्र मिश्रा, लेखमणी पाण्डेय, पुरुषोत्तम पटेल, जय पाण्डेय, नंद किशोर पाण्डेय, नीति अग्रवाल, माधवी शर्मा, मिनू पटेल, सती यादव, मोहन साहू सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालु उपस्थित रहे।

